पत्रांक सं० : 9256/21 दिनांक : 11/11/2021

सेवा में,

**प्रबंधक / प्रधानाचार्य,**
समस्त नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 परीक्षा नवम्बर / दिसम्बर–2021 के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश।**

महोदय / महोदया,

माह नवम्बर / दिसम्बर–2021 में सम्पन्न होने वाली जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 परीक्षा के अर्ह छात्र / छात्राओं के प्रवेश–पत्र इस कार्यालय द्वारा जारी किये जा रहे हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रवेश–पत्र को संकलित न करें, उक्त प्रवेश–पत्र को छात्र / छात्राओं के पास ही रहने दें। किसी भी प्रकार की त्रुटि का सुधार परीक्षाफल घोषित होने के पूर्व इस कार्यालय से करा लें। परीक्षाफल घोषित होने के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

कार्यालय द्वारा **डिजिटलीय बारकोड (Digitally Barcode) युक्त उत्तर–पुस्तिकाऐं प्रशिक्षण केन्द्र अपने स्तर से दिनांक 23.11.2021 से 30.11.2021 के मध्य कार्यालय कार्य दिवस में इस कार्यालय से सम्पर्क कर उत्तर–पुस्तिकाऐं ले जाने का कष्ट करें**, ताकि परीक्षा सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। कृपया दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये उत्तर–पुस्तिका में सूचना भरें। प्रत्येक दिवस की परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात् उत्तर–पुस्तिकाओं को सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में सील किया जाये, जिसके अन्दर उपस्थिति पत्रक जो आपके लॉगिन पैनल पर उपलब्ध हैं, को भी रखा जाये। उपस्थिति पत्रक उत्तर–पुस्तिकाओं के साथ न होने की दशा में उनका मूल्यांकन किया जाना सम्भव नहीं होगा। उत्तर–पुस्तिकाओं के सील्ड बंडल के ऊपर स्पष्ट रूप से कोर्स का नाम वर्ष सहित, प्रश्न–पत्र का नाम, परीक्षा की तिथि एवं समय, सेन्टर कोड लिखा होना आवश्यक है। परीक्षा सम्पन्न होने के 01 घण्टे के अन्दर उत्तर–पुस्तिकाओं को इस कार्यालय में स्पीड पोस्ट के द्वारा भेजना सुनिश्चित करें। सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न करायी जाये एवं उसकी फुटेज की दो प्रतियॉ अपने पास सुरक्षित रख ली जाये। किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर अथवा किसी भी समय इस कार्यालय द्वारा उक्त फुटेज को परीक्षण हेतु मंगाया जा सकता है।

नोट –

**उक्त परीक्षा के प्रश्नपत्र इण्टरनेट के माध्यम से ऑन लाइन भेजे जायेंगे। जो आपके सेन्टर लॉग–इन पैनल पर परीक्षा के दिन ही परीक्षा समय सारिणी से 30 मिनट पूर्व उपलब्ध कराये जायेगें। इस हेतु समस्त संसाधन इत्यादि होना अवश्य सुनिश्चित कर लें। परीक्षा सी0सी0टी0वी0 (CCTV) कैमरे के निगरानी में सम्पन्न कराई जायेगी।**

**कोरोना वैश्विक महामारी के चलते केंन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी की गयी गाइडलाईनों का अनुसरण करना अनिवार्य है। जिस हेतु अभ्यर्थी का तापमान थर्मल स्कैंनिंग द्वारा चेक करके ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति दें। बिना मास्क के प्रवेश वर्जित है। परीक्षा कक्ष में दो छात्रों के बीच दो मीटर / छः फुट की दूरी अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी हेतु मिनीस्ट्री ऑफ एजुकेशन, भारत सरकार द्वारा जे0ई0ई0–2020 परीक्षा के सन्दर्भ में जारी गाइडलाईन का अनुसरण करें।**

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

# उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ

पत्र संख्या– 9257/21 दिनांक –11/11/2021

## जी0एन0एम0 परीक्षा नवम्बर/दिसम्बर–2021 की समय सारिणी

### प्रयोगात्मक परीक्षा

जी0एन0एम0 की मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु आप अपने स्तर से परीक्षक नियुक्त कर दिनांक **23.11.2021** से **27.11.2021** के मध्य परीक्षा सम्पन्न कराकर परीक्षा के दिन ही मार्क्स अपलोड करने का निर्देश हैं। अतः अपनी सुविधानुसार परीक्षा प्रस्तावित समय सीमा में अपने स्तर से सम्पन्न करायें। परीक्षा सम्पन्न कराकर उसी दिन मार्क्स पैनल पर अपलोड करें।

### लिखित परीक्षा

#### प्रथम–वर्ष

| | | |
|---|---|---|
| 1. एनाटोमी एण्ड फिजियोलोजी एण्ड माइक्रोबाइलोजी | **01.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 2. साइकोलोजी सोसालाजी | **02.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 3. फन्डामेन्टल ऑफ नर्सिंग | **03.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 4. कम्यूनिटी हेल्थ नर्सिंग प्रथम | **04.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |

#### द्वितीय–वर्ष

| | | |
|---|---|---|
| 1. मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग प्रथम | **01.12.2021** | अपराह्न 02:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक |
| 2. मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग द्वितीय | **02.12.2021** | अपराह्न 02:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक |
| 3. (i) मेन्टल हेल्थ | **03.12.2021** | अपराह्न 02:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक |
| (ii) मेन्टल हेल्थ एण्ड साइक्रेटिक नर्सिंग (3.5 **वर्षीय पाठ्यक्रम** ) | **04.12.2021** | अपराह्न 02:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक |
| 4. चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग | **04.12.2021** | अपराह्न 02:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक |

#### तृतीय–वर्ष–पार्ट 1

| | | |
|---|---|---|
| 1. मिडवीफरी एण्ड गायनोकोलोजी | **01.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 2. कम्यूनिटी हेल्थ नर्सिंग–II | **02.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 3. पीडियाट्रिक नर्सिंग **(3.5 वर्षीय)** | **03.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |

#### प्रथम वर्ष (School Examination)

| | | |
|---|---|---|
| 1. अंग्रेजी | **29.11.2021** | प्रातः 10:00 बजे से (संस्थान द्वारा संचालित) |
| 2. कम्प्यूटर एजूकेशन | **30.11.2021** | प्रातः 10:00 बजे से (संस्थान द्वारा संचालित) |

#### तृतीय–वर्ष–पार्ट 2 (School Examination)

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रथम प्रश्न पत्र | **29.11.2021** | प्रातः 10:00 बजे से (संस्थान द्वारा संचालित) |
| 2. द्वितीय प्रश्न पत्र | **30.11.2021** | प्रातः 10:00 बजे से (संस्थान द्वारा संचालित) |

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

# उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ

पत्र संख्या–9257/21 दिनांक –11/11/2021

## ए0एन0एम0 परीक्षा नवम्बर/दिसम्बर–2021 की समय सारिणी

### प्रयोगात्मक परीक्षा

ए0एन0एम0 की मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु आप अपने स्तर से परीक्षक नियुक्त कर दिनांक **23.11.2021** से **27.11.2021** के मध्य परीक्षा सम्पन्न कराकर परीक्षा के दिन ही मार्क्स अपलोड करने का निर्देश हैं। अतः अपनी सुविधानुसार परीक्षा प्रस्तावित समय सीमा में अपने स्तर से सम्पन्न करायें। परीक्षा सम्पन्न कराकर उसी दिन मार्क्स पैनल पर अपलोड करें।

### लिखित परीक्षा

### प्रथम – वर्ष (नया पाठ्यक्रम)

| | | |
|---|---|---|
| 1. कम्यूनिटी हेल्थ नर्सिंग | **01.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 2. हेल्थ प्रोमोशन | **02.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 3. प्राइमरी हेल्थ केयर नर्सिंग | **03.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 4– चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग | **04.12.2021** | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |

### द्वितीय – वर्ष (नया पाठ्यक्रम)

| | | |
|---|---|---|
| 1. मिडवाइफरी | **01.12.2021** | अपराह्न 02:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक |
| 2. हेल्थ सेन्टर मैनेजमेंन्ट | **02.12.2021** | अपराह्न 02:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक |

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।